**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–06.07.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को 125वीं जयंती पर देश कर रहा है नमन, रांची सहित राज्य के कई जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण।**
2. **कड़ी सुरक्षा के बीच राज्यभर में निकला मोहर्रम का जुलूस, गिरिडीह में ताजिया निकालने के दौरान करंट लगने से एक की मौत, तीन घायल।**
3. **दस दिनी रथ यात्रा का आज हुआ समापन, घुरती रथ यात्रा खींचने के लिए हजारों श्रद्धालु मंदिरों में जुटे।**
4. **जमशेदपुर पुलिस ने धनबाद से चाईबासा जा रही करोड़ों के अवैध लॉटरी टिकट को किया जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार।**
5. **राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में हो रही है बारिश, अगले दो दिनों तक तेज हवा के साथ भारी बारिश की चेतावनी।**

*******************

आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। धनबाद में भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर श्री मरांडी ने उनके आदर्शों को याद किया–

वहीं मौके पर मौजूद धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता के लिये बलिदान दे दिया। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है यह संदेश जयंती मनाकर दे रहे है।

वहीं पलामू में भी भाजपा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा नेता रविन्द्र राय ने कहा कि आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का राष्ट्र बन रहा है।

इधर लोहरदगा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रेम मित्तल ने महापुरुष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अल्पआयु में ही अखंड भारत की नीव रखी और उन्होंने अपने संघर्षों एवं जन जागरण से पंजाब, बंगाल और कश्मीर को भारत का हिस्सा बना दिया।

*******************

गिरिडीह जिले के घोड़ताम्बा में आज ताजिया हाइटेंशन तार से टकरा गई। इस घटना में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हुई है और तीन घायल हैं। गिरिडीह डीसी राम निवास यादव ने बताया कि जुलूस वालों ने 3 बजे से बिजली आपूर्ति बंद करने का अनुरोध किया था। लेकिन ये लोग दिन के 12 बजे ताजिया को उठाकर इधर–उधर रख रहे थे तभी ताजिया बिजली के तार से सट गया।

*******************

देवघर में उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों के मद्देनजर सूचना भवन सभागार में सभी नव–चयनित सूचना सह सहायता कर्मियों को कार्य आवांटित किया गया।

दुमका में संताल परगना के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र सिन्हा ने 11 जुलाई से शुरू होने जा रहे श्रावणी मेले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार बासुकिनाथ और देवघर में कांविरयों की संख्या पिछले साल की तुलना में ज्यादा होने की संभावना है। इसके मद्देनजर व्यवस्था की जा रही है।

*******************

दस दिनी घुरती रथ यात्रा का आज समापन हुआ। भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के रथ को खींचने के लिए हजारों श्रद्धालु आज मंदिरों में जुटे। रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ मंदिर सहित राज्य के कई हिस्सों में घुरती

रथ यात्रा खींचा जा रहा है। विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर रात में प्रसाद वितरण के साथ ही रथयात्रा संपन्न हो जाएगा।

******************

जमशेदपुर पुलिस ने धनबाद से चाईबासा बस से जा रही करोड़ों की अवैध लॉटरी टिकट जब्त की है। साथ ही दो आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। सीताराम डेरा थाना प्रभारी निरंजन ने बताया कि 1 लाख लॉटरी टिकट से लगभग 5 करोड़ की लॉटरी खेलाई जा सकती है, फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

******************

जमशेदपुर के बिरसानगर में नशे का कारोबार और बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर जनता दल यूनाइटेड ने विरोध जताया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव और बिरसा मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार ने बिरसानगर थाने में ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो नशा और नशेड़ियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

******************

रामगढ़ जिले के कुज्जू खनन क्षेत्र में केज कल्चर पद्धति से बड़े पैमाने पर मछली पालन हो रहा है, जिससे स्थानीय मत्स्य किसान लाभान्वित हो रहे हैं। रामगढ़ के जिला मत्स्य पदाधिकारी अरुप कुमार चौधरी ने बताया कि इस क्षेत्र मे ऐसी और कई बंद खदाने हैं, विभाग उन बंद खदानों मे भी मत्स्य पालन के जरिए रोजगार सृजन के लिए प्रयासरत है।

विस्थापित परिवार के युवाओं को यहाँ मछली पालन से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें आजीविका का एक बेहतरीन माध्यम मिल गया है।

******************

केंद्र सरकार की खाद्य सुरक्षा मिशन और राज्य सरकार की बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत लाभ पहुंचाने के लिए कई योजना चलायी जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। अगले दो दिनों तक तेज हवा के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि खराब मौसम के दौरान घर के अंदर ही रहें, क्योंकि गरज और बिजली के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके भी आ सकते हैं। ऐसी स्थिति में सुरक्षित स्थान पर रहें, पेड़ के नीचे या रेलवे पुल के नीचे या ऊंचे इलाके में न जाएं।

***************